एक नजर में

गोविन्द संजोदिया का सीआरपीएफ में चयन

नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 07 नवंबर, सं. गोविंद संजोदिया का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में सब-इंस्पेक्टर पद पर चयन हुआ है. उन्होंने बताया कि हिंदी फिल्मों में फौजी किरदारों से प्रेरित होकर देशसेवा का सपना देखा था, जो अब साकार हो गया है. इस उपलब्धि से उनके परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. स्वर्गीय बद्रीलाल संजोदिया के पुत्र और ओम संजोदिया (एवीएफओ) के छोटे भाई गोविंद बचपन से ही सेना की वर्दी पहनने का सपना देखते थे. फिल्मों में जवानों को देश की रक्षा करते देख उनमें भी देशसेवा का जज्बा पैदा हुआ, जिसने उनके जीवन को एक लक्ष्य दिया. उनके पिता का बचपन में निधन हो गया था. परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के बावजूद, उनकी माँ और बड़े भाई ने उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया और उनका हौसला बढ़ाया. उन्होंने सीआरपीएफ की परीक्षा की तैयारी राजगढ़ में सात साल और भोपाल में तीन साल तक की. दूसरे प्रयास में सफलता प्राप्त कर उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और धैर्य को साबित किया.

तेज अंधड़ चलने से किसान का सोलर पैनल उड़ा

झाडला 07 नवंबर, सं. पखरी गांव के किसान महेश राठौर पिता दरियाव सिंह राठौर के खेत पर सन 2021 में अनुदान राशि पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा 3 हॉर्स पावर का सौलर पेनल लगाया गया है. जिससे की किसान को सिंचाई हो सके. बीते दिनों रात्रि के समय तेज हवा अंधड़ में सौलर पैनल के उड़ जाने से किसान का आर्थिक नुकसान हुआ है. सौलर पैनल उड़ जाने से किसान महेश राठौर सिचाई नहीं कर पा रहे है.

नशामुक्ति अभियान अंतर्गत बैठक 10 को

राजगढ़ 07 नवम्बर, का. नशामुक्ति भारत अभियान अंतर्गत जिले में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 10 नवम्बर को दोपहर 01 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा.

रबी फसल के लिए 38 हजार मैट्रिक टन यूरिया

राजगढ़ 07 नवम्बर, का. उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री सचिन जैन द्वारा बताया गया कि रबी वर्ष 2025-26 में जिले को 38 हजार 400 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ हैं. जिसमें से 34825 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है. यूरिया की उपलब्धता में शेष 3575 मेट्रिक टन, ट्रांजिट में यूरिया 4091 मेट्रिक टन है. उप संचालक कृषि श्री जैन द्वारा बताया गया कि जिले में यूरिया एवं अन्य फास्फेट उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धक है. जिले में उर्वरक की कमी नहीं है. मांग अनुसार उर्वरकों की सतत् पूर्ति की जा रही है. उक्त तिथियों जिनमें 9,10,11 नवम्बर को क्रमशः आईपीएल की 2680 मे.टन, एचयूआरएल की 2680 मे.टन, जी एस एफ सी 2680 मे.टन. एवं कोरोमंडल की एन पी के 2680 मे.टन की रैक लग रही है. उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि वे अपनी उर्वरक की आवश्यकता अनुसार निजी या सहकारी विक्रेताओं से उर्वरक खरीद सकते हैं.

7 स्कूली ऑटो रिक्शे पर कार्यवाही

बच्चों की सुरक्षा जरूरी : तादाद से ज्यादा बच्चों का परिवहन कर रहे वाहनों पर मुहिम शुरू

- ओव्हर लोडिंग स्कूली वाहनों पर कार्रवाई
- क्षमता से अधिक बच्चों को ले जा रहे थे ऑटो में
- 7 ऑटो पर 77 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 07 नवम्बर, का. यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को नगर में ओव्हर लोडिंग ऑटो पर कार्यवाई करते हुए 7 ऑटो पर चालानी कार्यवाई की गई. इनमें क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को ले जाया जा रहा था.

यातायात पुलिस के अनुसार शुक्रवार को प्रातः ज्योति कान्वेंट स्कूल के यहां पुलिस की टीम द्वारा चेकिंग करते हुए कार्यवाई की गई. यातायात थाना प्रभारी देवनारायण पांडे के अनुसार इस दौरान 7 ऑटो में क्षमता से कहीं अधिक बच्चो को स्कूल ले जाते हुए पाया गया.

इस पर संबंधित ऑटो चालको पर कार्यवाई की गई. कोर्ट द्वारा प्रत्येक ऑटो चालक पर 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया. चालानी कार्यवाई की गई. थाना प्रभारी के अनुसार आगामी दिवस में भी इस तरह की कार्यवाई सतत् रुप से जारी रहेगी. यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाई की भनक लगते ही कई ऑटो चालक सतर्क हो गये.

कई अनफिट वाहन दौड़ रहे

हाईवे, स्टेट हाईवे सहित विभिन्न रुट पर कई बस व अन्य यात्री वाहन यातायात के मापदंडो, नियमों का उल्लंघन कर चलाए जा रहे है. कुछ यात्री बस में एक ही गेट है तो कई यात्री वाहन जर्जर अवस्था में है. इन जर्जर वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाया जाता है. साथ ही स्टेण्ड पर अपने नम्बर की बारी को लेकर काफी तेज रफ्तार से वाहनों को भगाया जाता है जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है.

सड़कों पर दौड़ते ओव्हर लोड वाहन

नगर सहित जिले भर में अनेक यात्री वाहनों को क्षमता से कहीं अधिक सवारियों को लाते ले जाते हुए देखा जा सकता है. बस, ऑटो, स्कूली वाहन व अन्य छोटे-बड़े यात्री वाहनों को ओव्हर लोड स्थिति में देखा जा सकता है. स्कूली वाहनों में भी क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को ले जाया जाता है. इससे दुर्घटना का डर बना रहता है. हाईवे, स्टेट हाईवे सहित अन्य रुट पर ओव्हर लोड यात्री वाहन दौड़ते हुए नजर आ जाते है. पूर्व में कई ओव्हर लोड वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है.

लगातार चले अभियान

नगर में ऑटो रिक्शा चालक जो स्कूली बच्चों का परिवहन करते हैं उन पर यातायात पुलिस ने कार्यवाही की है. यह कार्यवाही जारी रखने की जरूरत है. कई टाटा मैजिक वाहनों और तूफान वाहन जो कि स्कूल पासिंग है उनमें बच्चों को क्षमता से अधिक संख्या में बैठाकर परिवहन किया जा रहा है. ये वाहन हाईवे पर तेज गति से चलते हुए देखे जा सकते है. लगातार मुहिम चलाकर ऐसे वाहनों पर कार्यवाही की आवश्यकता है.

परिजन लेने पहुंचे बच्चों को – इधर कार्यवाही के बाहर ऑटो रिक्शा यातायात पुलिस ने जब्त किए. इसके बाद स्कूली बच्चों ने अपने परिजनों को फोन किए और परिजन छुट्टी के दौरान उन्हें लेने पहुंचे. स्कूली बच्चों में कार्यवाही के दौरान कौतूहल की स्थिति रही. हालांकि स्कूली बच्चों से पुलिस ने संवाद किया और उन्हें बिना परिजनों के स्कूल से ना जाने की हिदायत दी.

हैवानियत की हद पार, मानसिक रूप से कमजोर महिला को हवस का शिकार बनाया

नवभारत न्यूज, जीरापुर 07 नवंबर, सं. मानसिक रूप से कमजोर महिला को एक हेवान ने हवस का शिकार बनाया. पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर के व्यस्ततम पुलिस थाना क्षेत्र कुमेरसिंह की दुकान के पीछे एक युवक ने मानवियता कि हद पार कर मानसिक रूप से कमजोर महिला से दुष्कर्म किया गया. फरियादी गोविंद बरेठा ने पुलिस को दर्ज कराई अपनी रिपोर्ट में बताया कि मानसिक रूप से कमजोर महिला प्रतिदिन रात्रि में कुबेर सिंह की दुकान पर बाहर चबूतरे पर सोती है ,जब बीती रात्रि को महिला उक्त स्थान पर सोती नजर नहीं आई तो कुबेर की दुकान के पीछे जाकर देखा तो महिला के साथ एक व्यक्ति दुष्कर्म करता पाया गया जिसे मौके से पकड़कर तत्काल थाना ले गए और पुलिस के हवाले कर दिया. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई कर आरोपी बीरमसिंह पिता प्रेमसिंह सोंधिया उम्र 38 वर्ष निवासी दांईखेड़ी के खिलाफ अपराध क्रमांक 456/25 बीएसएन धारा 64 (1) , 64(2) (द्म) में मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया. इधर मामला सामने आने के बाद नागरिकों ने घटना की कड़ी निंदा की है. साथ ही आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है.

रायसेन जिले के पारदी समाज का आरोपी हिरासत में

मामला सारंगपुर में बीती रात व्यापारी के घर चोरों के हमले का, अन्य साथी फरार

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 07 नवंबर, सं. बुधवार की रात नगर के व्यापारी के निवास पर गुलेल से हमला करने वाले आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था. मामले में पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है. करीब आधा दर्जन लोगों ने व्यापारी के निवासी पर बाउण्ड्रीवाल फांदकर वारदात करने का प्रयास किया था. पकड़े गए आरोपी की पहचान रायसेन जिले के पारदी समाज के साहिल पिता समरक्षक उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है. उसके अन्य साथी फरार बताए जा रहे है. मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर अपनी जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के अनुसार मामले में जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों को भी जल्द हिरासत में ले लेंगे. उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व नगर के पाड़ल्या रोड़ स्थित एक व्यापारी के निवास पर अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया. बदमाश घर के आसपास बनीं ऊंची बाउण्ड्रीवाल पर चढ़कर दाखिल हुए और गुलेल से हमला कर दिया. जब वे परिसर में दाखिल हुए तब घर में मौजूद लोगों की सीसीटीवी कैमरों पर नजर पड़ते ही सक्रिय हुए छत से शोर मचाने लगे. इसी दौरान डरकर बदमाश भाग खड़े हुए. आसपास के लोग जागे और पुलिस को सूचना दी. इस दौरान एक बदमाश घायल हो गया जिसे लोगों ने मौके पर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया. फरियादी गोकुल दण्डवानी पिता स्व. डूंगरमल दण्डवानी ने बताया कि वे कपड़ा व्यापारी है और पूरे परिवार के साथ पाड़ल्या रोड़ स्थित आवास पर रहते है. करीब 5 से 6 बदमाश 5 तारीख की रात को बाउण्ड्रीवाल कूदकर दाखिल हुए.

किसानों के टीन शेड पर व्यापारियों का कब्जा

नवभारत न्यूज

जीरापुर 07 नवंबर, सं. कृषि उपज मंडी समिति जीरापुर जिले की अन्य मंडियों की आय के हिसाब से तीसरा स्थान रखती है, लेकिन किसानों को अपने माल की नीलामी हेतु जो सुविधा किसानों को उपलब्ध होना चाहिए. उल्लेखनीय है कि मण्डी परिसर में किसानों के माल की नीलामी हेतु टीन शेड निर्मित कर रखें है. लेकिन जितने टीन शेड किसानों के माल निलामी हेतु सुविधा के रूप में निर्मित है उनमे से दो तीन टीन शेडों पर व्यापारियों का कब्जा जमा हुआ है , इससे किसानों को अपने माल की नीलामी करने में खुले आसमान के नीचे अपने वाहन ट्रैक्टर ट्राली एवं जो माल निलामी के लिए लाया जाता है उसे रखना पड़ता हैं. जानकारी के मुताबिक नवीन मंडी प्रांगण, रकबा 2.873 हेक्टर एवं मंडी श्रेणी (सी) वर्ग है जिसमें लाखों रुपए की लागत से इस परिसर में किसानों के माल एवं ट्रैक्टर ट्राली के विभिन्न जिन्स नीलामी हेतु खड़े करने के लिए अलग-अलग टीन शेड निर्मित है लेकिन व्यापारियों ने उन टीन शैडो को अपने कब्जे में ले रखा जिसको लेकर समाचार पत्रों के माध्यम से पूर्व में भी अनेकों बार मंडी सचिव सहित उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई. लेकिन मात्र औपचारिकता पूरी की जाती है एवं टीन शेड पर व्यापारी का कब्जा बरकरार बना रहता है. जिससे चाहे बारिश हो या गर्मी लेकिन किसानों को अपने माल के लिए खुले आसमान के तले नीलामी करवाते पर मजबूर होना पड़ता हैं.

नोटिस जारी किए है, जल्द खाली करवाएंगे

इधर मामले में मण्डी सचिव हरीनारायण वर्मा से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि हम संबंधित व्यापारी को नोटिस जारी कर चुके हैं. एक दो दिन बाद टीन शेड खाली करवा देंगे जिससे कि किसानों को परेशानी ना हो.

राठौर समाज मंदिर में छप्पन भोग का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज, सारंगपुर 07 नवंबर, सं. राठौर समाज राधा कृष्ण मंदिर पंडितवाडी महिला मंडल के तत्वाधान में सामूहिक अन्नकूट संपन्न हुआ. महोत्सव का शुभारंभ पंडित राजेंद्र जोशी ने किया. वार्ड की महिलाओं ने अपने अपने घरों में प्रेम से निर्मित 56 व्यंजनों को बनाकर भगवान राधा कृष्ण को भोग रूप में अर्पित किया. मुख्य रूप से प्रसिद्ध कथा वाचक कविता राजगुरु, आशा व्यास, अमित कसेरा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, राठौर समाज अध्यक्ष सतीश राठौर, उपाध्यक्ष कमल राठौर, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा,जगदीश राठौर, गोपाल राठौर, घासीराम राठौर, अनुराग राठौर द्वारा महाआरती कर प्रसादी वितरण किया गया.

आपस में भिड़े परिवार के लोग, 4 राजगढ़ रेफर

ग्राम टोड़ी में एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़े

नवभारत न्यूज

सुठालिया 07 नवंबर, सं. सुठालिया थानांतर्गत आने वाले ग्राम टोड़ी में एक ही परिवार के दो पक्ष जमीनी विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए. विवाद इतना बढ़ गया कि एक दूसरे पर हमला कर दिया और विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया. दोनों पक्षों के मिलाकर करीब 4 लोग बुरी तरह घायल हो गए जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर किया. पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट में क्रॉस में मुकदमा दर्ज कर लिया है. जानकारी के अनुसार ग्राम टोड़ी निवासी धीरज सिंह पिता मिश्रीलाल लोधी और उनके पुत्रगण सुनील पिता धीरज सिंह और धर्मेन्द्र पिता धीरज सिंह जाति लोधी का अपने ही परिवार के लोगों नेपाल पिता बने सिंह लोधी और उनके पुत्र गोलू पिता बने सिंह से जमीनी मामले को लेकर विवाद हो गया. बताया जा रहा है कि विवाद कुछ समय से था लेकिन उसने उग्र रूप ले लिया और खूनी संघर्ष में बदल गया. पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर क्रॉस में मामला दर्ज कर लिया है. इधर घायलों को राजगढ़ रेफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है. घायलों में धीरज और उनके दोनो बेटे सुनील और धर्मेन्द्र लोधी और दूसरे पक्ष से नेपाल सिंह को भर्ती कराया गया है.

खेल मैदान की जगह पार्क बनाने की तैयारी

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 07 नवंबर, का. बिरजीपुर मोहल्ले में स्थित क्लब ग्राउंड पर स्थित मैदान पर खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ रही है. लेकिन अब इन खिलाड़ियों के लिए एक बुरी खबर आ रही है. जिसमें इस क्लब मैदान को पार्क के रूप में बदलने की तैयारी की जा रही है. हाल ही में जो यहां पर बिलियर्ड्स और छात्रावास बना हुआ था इस रंग रोगन करते हुए नया रूप दिया जा रहा है. जिसके तहत मैदान में भी काम हुआ है लॉन्ग टेनिस का जो मैदान है उसे भी सवार गया है. लेकिन जो लॉन्ग टेनिस के साथ ही सिक्स साइड फुटबॉल मैदान था. उसके अंदर एक स्टेज और फाउंटेन लगाने की तैयारी की जा रही है. खिलाड़ियों को जब इस मामले में जानकारी लगी तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई के पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों के हित में एक ज्ञापन कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को सौंपा जिसमें उन्होंने अपील की है. खेल मैदान का जो स्वरूप है उसे बदल ना जाए इसकी जगह पर यदि रेस्ट हाउस के सामने सुंदर पार्क तैयार किया जाए तो और बेहतर होगा क्योंकि रेस्ट हाउस के सामने भी जो जगह पड़ी है उसके अंदर जो पेड़ लगे हैं कहीं ना कहीं वह जंगल का रूप ले रहे हैं.

उल्लेखनीय के पूरे क्लब को सवारने का काम किया जा रहा है लेकिन खिलाड़ियों में इसके नए रूप को लेकर था वहीं अब जब मैदान का स्वरूप बदला जा रहा है उसे खिलाड़ियों का उत्साह कम हुआ है और उन्होंने कलेक्टर से मांग की है खिलाड़ियों की योग्य बना रहने दिया जाए. ज्ञापन देने वालों में विद्यार्थी परिषद और एनएसयूआई के जिला अध्यक्षों के अलावा अन्य पदाधिकारी और कई खिलाड़ी मौजूद थे.

आश्रय मिलना दूर और मुसीबत बढ़ गई गौवंश की

- शासन के निर्देशों के बाद भी बेसहारा मवेशियों की नहीं सुध
- जिले में हजारों मवेशी बारिश में खुले आसमान के नीचे
- बोवनी के बाद हाईवे पर मवेशियों का डेरा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 07 नवम्बर, का. बेसहारा मवेशियों का जिले में बुरा हाल है. शासन, प्रशासन के लाख प्रयासों, दिशा निर्देशों के बाद भी बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित जगह नहीं मिल सकी है. बोवनी के बाद मवेशियों का हाईवे पर जमघट देखा जा सकता है. उलटे इनकी मुसीबत और बढ़ गई है. आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में मवेशियों की मौत हो रही है या फिर वह गंभीर घायल हो रहे है.

गौरतलब है कि मवेशियो को पूरी तरह से संरक्षण एवं उनकी देखभाल करने प्रशासन द्वारा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रखे जाने के सख्त निर्देश दिए गये थे.

कहा गया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग, अन्य मार्गो पर बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित करने के लिए सतत् देखरेख की जाये ताकि मवेशी सड़क दुर्घटना का कारण न बने. बावजूद इसके आज भी हजारों की संख्या में मवेशी सड़क, चौराहो, हाईवे पर देखे जा सकते है.

हाईवे, चौराहो पर जमघट

बोवनी होने के बाद मवेशी फसलों की नुकसान न पहुंचा दे उन्हें खदेड़ा जा रहा है, जिसके बाद अब हाईवे, चौराहों, सड़को पर बड़ी संख्या में बेसहारा मवेशियों को देखा जा सकता है. आज जिले भर में हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश सड़को पर रहने को मजबूर है. **ठंड में परेशानी और बढ़ेगी-** सड़क दुर्घटनाओं, ठंड, गर्मी एवं बारिश में गौवंश की मौत होने के मामले सामने आते रहे है. अब ठंड का प्रकोप बढ़ने से परेशानी और बढ़ेगी. खुले आसमान के नीचे रहने वाले मवेशियों के लिए ठंड से सुरक्षित बचना मुख्य समस्या होगी. **नाममात्र गौशालाऐ-** जानकारी के अनुसार जिले भर में 140 गौशालाएं संचालित है, इनमें 111 शासकीय तथा 29 गौशालाएं अशासकीय है. प्रत्येक गौशाला में गौवंश के रहने की क्षमता 100 के आसपास है. इस तरह 14 हजार के आसपास ही गौवंश गौशालाओं में रह रहा है. जबकि जिले में बेसहारा गौवंश की संख्या पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार हाल में हुई गणनानुसार एक लाख से अधिक पर जा पहुंची है.

एकजुट ग्राम पाका में लगी विशेष ग्राम सभा, तहसीलदार पहुंचे, कलेक्टर भी जाएंगे समस्याएं जानने

अपनी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने रखी विशेष सभा

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 07 नवंबर, का. राजगढ़ ब्लाक की खेडी पंचायत अंतर्गत आने वाले गांव पाका में ग्रामीणों के आह्वान पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ. सबसे पहले ग्रामीणों द्वारा जो प्रशासनिक अधिकारी गांव में पहुंचे उनका फूल मालाओं से स्वागत किया.

गौरतलब है की खेड़ी पंचायत अंतर्गत आने वाले गांव पाका में शमशान तक पहुंचने का मार्ग नहीं है खेड़ी से घोड़ाखेड़ा मार्ग पर चलने में बारिश के दौरान बड़ी परेशानी आती है इस में पिछले दस साल से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है गांव में स्कूल बाउंड्री वॉल नहीं है गांव के युवाओं को स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण नहीं मिलता है स्कूल मैदान खराब है. कुछ ग्रामीणों को वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिल रही है

गांव में कुछ लोगों के घर में नलों से पानी नहीं पहुंच रहा है चाटू खेड़ा से पाका तक का मार्ग खराब है गांव में गंदगी और कीचड़ पसरा हुआ है और नाली निर्माण नहीं है ऐसी तमाम समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने इस बैठक का आयोजन किया. इन समस्याओं को जनपद राजगढ़ से आए पंचायत इंस्पेक्टर बलराम खटनावदिया व एई मेहताब सिंह अहिरवार को बताया गया. वहीं खुजनेर तहसीलदार ने सभी गांव वासियों से राजस्व संबंधी समस्याओं को जाना जिसमें गांव में हुए रास्तों पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार से गुहार लगाई वही पटवारी लक्ष्मण सोनगिरा ने भी ग्रामीणों को वंचित राहत राशि खाताधारकों को जल्द ही मुआवजा राशि मिलने की बात कही, मंगल व्यास जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक राजगढ़ ने भी अपनी विभाग संबंधी जानकारी ग्रामीणों को दी. इस दौरान जिसमें खुजनेर तहसीलदार नित्यानंद पांडे,जी जी जी मेहताब सिंह अहिरवार, जनपद पंचायत इंस्पेक्टर बलराम खटनावदीया मंगल व्यास जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक राजगढ़ हल्का पटवारी लक्ष्मण सोनगिरा, पटवारी जितेश शर्मा सरपंच कंवरलाल भिलाला, सचिव सिद्धनाथ पाल ग्राम रोजगार सहायक दीपक यादव जनपद सदस्य प्रतिनिधि राधेश्याम रुहेला, पुलिस स्टाफ व समस्त समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे.

जनपद टीम ने पूरे गांव में घूम कर लिया परेशानियों का जायजा

इधर जनपद की टीम पूरे गांव में घूमी और गंदगी कीचड़ आदि स्थानों का निरीक्षण किया और शमशान का रास्ता भी देखा और बहुत जल्द गांव में सीसी सड़क और शमशान के रास्ते को दुरुस्त करने का आश्वासन और सभी समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया. वहीं जनपद सदस्य प्रतिनिधि राधेश्याम रूहेला ने सामुदायिक भवन निर्माण बनवाने की बात कही जिस पर गांव वालों द्वारा भवन के लिए स्थान चयन किया जा रहा है मौके पर सभी समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा फराओ प्रस्ताव बनाकर जनपद में पहुंचने की बात कही है.

कलेक्टर भी पहुंच सकते हैं पाका गांव

कुछ दिन पूर्व गांव की समस्याओं को लेकर पाका गांव के ग्रामीणों ने लिखित रूप से कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा को निमंत्रण दिया है जिस पर राजगढ़ कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा भी गांव में पहुंचकर लोगों के बीच चौपाल लगाने का आश्वासन ग्रामीणों को दे चुके हैं और वह भी कभी भी पाका गांव में इस गांव को देखने और ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाने पहुंच सकते है.